इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Code No.** 65/AS/3
कोड नं०

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Set /** सेट A

# हिन्दी
# (201)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..........................................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर) 1. ..........................................

2. ..........................................

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 65/AS/3, सेट A लिखें।

# हिन्दी
## (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) रहीम के दोहे ''खैर, खून, खाँसी, खुसी...'' में कौन-सा अलंकार है?

(A) दृष्टांत (B) अनुप्रास

(C) रूपक (D) उपमा

(ख) कौन-से विकल्प से 'मनुष्य के हृदय के भावों को प्रकट करने' का भाव प्रकट होता है?

(A) जैसे निरमल आरसी, भली-बुरी कहि देत (B) निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय

(C) दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम (D) नैना देत बताय सब, हिय को हेत-अहेत

(ग) 'आह्वान' कविता के अनुसार

(A) मूर्ति के बिना साँचा नहीं बन सकता

(B) साँचे के बिना मूर्ति नहीं बन सकती

(C) साँचे के बिना लोग संघर्षशील नहीं हो सकते

(D) साँचे के बिना सफलता नहीं मिल सकती

(घ) 'आज़ादी' कविता के अनुसार आज़ादी का अर्थ है

(A) उन्मुक्तता, उच्छृंखलता (B) मनमर्जीपन, सैर-सपाटा

(C) घूमना-फिरना, सोना (D) कर्तव्य के महत्त्व को समझना

(ङ) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता का संदेश है

(A) पर्यावरण के प्रदूषण से प्राणियों की रक्षा संभव है

(B) प्रकृति की रक्षा से ही प्राणियों की रक्षा संभव है

(C) प्रकृति विरोधी व्यवहार से प्राणियों की रक्षा संभव है

(D) प्रकृति विरोधी व्यवहार से मानव कल्याण संभव है

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×6=6

(क) 'बीती विभावरी जाग री' कविता में कवि ने प्रकृति का मानवीकरण किस रूप में किया है?

(ख) 'उनको प्रणाम' कविता से ली गई पंक्ति ''यह दुनिया जिनको गई भूल'' में 'जिनको' से कवि का क्या आशय है?

(ग) 'आह्वान' कविता से ली गई पंक्ति ''बैठे हुए हो व्यर्थ क्यों? आगे बढ़ो, ऊँचे चढ़ो'' का क्या भाव है?

(घ) कबीर के पठित दोहे के आधार पर लिखिए कि निंदकों की जीवन में क्या महत्ता है।

(ङ) कबीर ने दोहे में 'दोऊ हाथ उलीचिए' किसके लिए और क्यों कहा है?

(च) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने किस स्वयंवर की और कैसे चर्चा की है?

**3.** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है? उसके कवि का नाम लिखते हुए काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 5

घबरा के भागना अलग है
क्षिप्र गति अलग है
क्षिप्र तो वह है
जो सही क्षण में सजग है।

**अथवा**

थोड़ा-सा वक्त चुराकर बतियाया है कभी
कभी शिकायत न करने वाली
गुमसुम बूढ़ी पृथ्वी से उसका दुख?
अगर नहीं तो क्षमा करना
मुझे तुम्हारे आदमी होने पर संदेह है।।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *25-25* शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) 'बीती विभावरी जाग री' कविता के अनुसार प्रातःकालीन सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

(ख) 'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने किन लोगों के साहस की ओर ध्यान दिलाया है?

(ग) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के आधार पर प्रकृति के प्रति मानव की भूमिका का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने किन प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन किया है? अपने शब्दों में लिखिए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए : 3

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' पाठ के आधार पर बताइए कि मानव के प्रकृति विरोधी कार्य मनुष्य के लिए अहितकारक क्यों हैं। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए आप क्या उपाय करेंगे?

**अथवा**

'आज़ादी' कविता के संदर्भ में लिखिए कि आपकी दृष्टि में आज़ादी का क्या अभिप्राय है। क्यों?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×6=6

(क) 'बहादुर' कहानी की नायिका निर्मला बहादुर के लिए रोटियाँ बनाना छोड़ देती है

(A) वाचक के कहने पर (B) पड़ोस की स्त्री के कहने पर

(C) किशोर के कहने पर (D) रिश्तेदार के कहने पर

(ख) लेखिका की अस्वस्थता में गिल्लू का उनके बालों का सहलाना

(A) मानवीय व्यवहार का उदाहरण है (B) शिष्टाचार का नमूना है

(C) प्रेम की उत्कृष्टता है (D) गर्मी से राहत है

(ग) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के अनुसार हम किसी को भी अपना बना सकते हैं

(A) भाषा व धर्म के आधार पर

(B) मानवीय व्यवहार व आचरण के आधार पर

(C) धन-संपत्ति के आधार पर

(D) प्रलोभन व पक्षपात के आधार पर

(घ) भारतीय महिलाओं ने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई

(A) अदम्य साहस, आत्मविश्वास के बल पर

(B) शारीरिक शक्ति और धन के बल पर

(C) सुंदरता और धन के बल पर

(D) पुरुषों और पूर्वजों के बल पर

(ङ) फीचर में होना अनिवार्य होता है

(A) स्रोत की जानकारी का (B) फोटो का

(C) संपादक के विचारों का (D) सूचना का

(च) 'अपना-पराया' पाठ के अनुसार रक्त की श्वेत कणिकाएँ

(A) निष्क्रिय बनी रहती हैं (B) रोगाणुओं से लड़ती हैं

(C) रोगाणुओं का भोजन बनती हैं (D) रोगाणुओं को शरीर से बाहर पहुँचाती हैं

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×7=7

(क) बहादुर वाचक के घर से क्यों भाग गया?

(ख) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर लिखिए कि उसकी मृत्यु के बाद लेखिका ने अंतिम संस्कार कैसे किया और क्यों।

(ग) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने जर्मनी को महान् देश क्यों कहा।

(घ) बचेंद्री पाल को पढ़ाई जारी रखने में क्या बाधा आई? उसने अपनी बाधाएँ कैसे दूर की?

(ङ) 'सुखी राजकुमार' कहानी के आधार पर गौरैया के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(च) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर लिखिए कि नाखून का बढ़ना और नाखून का काटना इन दोनों में किसे अच्छा मानते हैं और क्यों।

(छ) 'शतरंज के खिलाड़ी' पाठ में लेखक ने गुलाम बनने वाली किन स्थितियों का चित्रण किया है?

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

अर्थात् विलासी जीवन झूठी शानो-शौकत के बल पर चलता है, यदि इस शानो-शौकत पर कहीं से आँच आती है तो बर्दाश्त नहीं हो पाता। व्यक्तिगत वीरता जाग उठती है। लेकिन वह व्यक्तिगत वीरता किस काम की जो देश के काम न आए और आत्मघाती बन जाए। मिरजा के व्यवहार को इसी आधार पर देखा जा सकता है। वस्तुतः इस शानो-शौकत के मूल में कायरता ही है।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) विलासी जीवन क्या है? विलासी जीवन का आधार क्या है?

(ग) व्यक्तिगत वीरता का क्या आशय है? व्यक्तिगत वीरता कब सार्थक मानी जाती है?

**अथवा**

दिन मजे में बीतने लगे। बरसात आ गई थी। पानी रुकता था और बरसता था। मैं अपने को बहुत ऊँचा महसूस करने लगा था। अपने परिवार और संबंधियों के बड़प्पन तथा शान-बान पर मुझे सदा गर्व रहा है। अब मैं मुहल्ले के लोगों को पहले से भी तुच्छ समझने लगा। मैं किसी से सीधे मुँह बात न करता। किसी की ओर ठीक से देखता भी नहीं था। दूसरे के बच्चों को मामूली-सी शरारत पर डाँट-डपट देता था। कई बार पड़ोसियों को सुना चुका था—जिसके पास कलेजा है, वही आजकल नौकर रख सकता है।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) वाचक के मन में क्या भावना आ गई और क्यों?

(ग) वाचक आस-पड़ोस के लोगों के प्रति कैसा व्यवहार करने लगा?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग *20-20* शब्दों में लिखिए : 2×4=8

(क) गिल्लू का महादेवी से अन्य पशु-पक्षियों की अपेक्षा अधिक लगाव का होना किन बातों से पता चलता है।

(ख) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में 'जादू की पुड़िया' किसे कहा गया है? क्यों?

(ग) कल्पना चावला का जन्म किस राज्य और परिवार में हुआ था? अध्ययन के समय उसकी रुचि अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति क्यों हो गई?

(घ) 'इन्ट्रो' किसे कहते हैं? अखबार में इन्ट्रो का क्या महत्त्व है?

(ङ) 'सुखी राजकुमार' पाठ के आधार पर लिखिए कि मेयर के स्वार्थी होने का ज्ञान किन बातों से होता है।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *40-50* शब्दों में लिखिए : 3×3=9

(क) फीचर किसे कहते हैं? उसके भेदों को लिखते हुए मुख्य विशेषता बताइए।

(ख) 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ के आधार पर देश को गौरव दिलाने वाली तीन महिलाओं के नाम और कार्यक्षेत्र का उल्लेख कीजिए।

(ग) गिल्लू किन क्रियाओं से लेखिका का ध्यान आकृष्ट करता था और क्यों?

(घ) 'बहादुर' कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? बहादुर जैसे घरेलू नौकरों के प्रति आप कैसा व्यवहार करना चाहेंगे और क्यों?

**11.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

दरवाज़े से बाहर जाने से पहले
अपने जूतों के तस्में बाँधने के लिए मैं झुकता हूँ
रोटी का कौर तोड़ने और खाने के लिए
झुकता हूँ अपनी थाली पर
जेब से अचानक गिर गई कलम या सिक्के को उठाने को
झुकता हूँ
झुकता हूँ लेकिन उस तरह नहीं
जैसे एक चापलूस की आत्मा झुकती है
किसी शक्तिशाली के सामने
जैसे लज्जित या अपमानित होकर झुकती हैं आँखें
झुकता हूँ
जैसे शब्दों को पढ़ने के लिए आँखें झुकती हैं
ताकत और अधीनता की भाषा से बाहर भी होते हैं
शब्दों और क्रियाओं के कई अर्थ
झुकता हूँ
जैसे घुटना हमेशा पेट की तरफ ही मुड़ता है
यह कथन सिर्फ शरीर के नैसर्गिक गुणों
या अवगुणों को ही व्यक्त नहीं करता।
कहावतें अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में निवास करती हैं।

(क) इस कविता में किस बात का चित्रण है?

(ख) थाली की ओर कब झुका जाता है?

(ग) एक सामान्य व्यक्ति और चापलूस के झुकने में क्या अंतर होता है?

(घ) आदमी चापलूस क्यों होता है?

(ङ) 'झुकने' को अवगुण कब माना जाता है?

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

गाँधीजी मानव नहीं, महामानव थे। उन्होंने भारत को न केवल राजनीतिक स्वतंत्रता दिलाई वरन् जीवन में व्याप्त समस्त अमानवीय तत्त्वों से मुक्ति पाने का महामंत्र प्रदान किया। सत्य, अहिंसा और त्याग की त्रिवेणी प्रवाहित करके उन्होंने विश्व में सुख-शांति और संपन्नता का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान् बुद्ध, महावीर और ईसामसीह की भाँति उन्होंने आधुनिक विश्व में अहिंसा द्वारा हिंसा के दमन की शक्ति एवं प्रेरणा प्रदान की। गाँधीजी ने समस्त चर-अचर को प्यार करने की सीख दी। वे सभी धर्मों के प्रति एक-सी श्रद्धा रखते थे। गीता, बाइबल, कुरान आदि समस्त धर्मों के मान्य ग्रंथों को वे एक-सा महत्त्व प्रदान करते थे। महान् संतों की भाँति नैतिकता, सदाचार एवं ईश्वर के प्रति आस्था को वे सार्थक जीवन की आधारशिला मानते थे। दलितों और शोषितों के प्रति उनके हृदय में विशेष सहानुभूति थी। दरिद्रजनों की सेवा उनके लिए ईश्वर की सेवा थी। सर्वोदय आंदोलन के द्वारा उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति की उन्नति और सुख-शांति के द्वार खोल दिए। भारत के दीन-हीन किसान और मजदूरों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए उन्होंने कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया।

(क) गाँधीजी को महामानव क्यों कहा गया है?

(ख) हिंसा के दमन की प्रेरणा देने में गाँधीजी की तुलना किनसे की गई है?

(ग) गाँधीजी सार्थक जीवन की आधारशिला किसे मानते थे?

(घ) 'सर्वोदय आंदोलन' से आप क्या समझते हैं?

(ङ) गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**13.** निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) निम्नलिखित में से किसी **एक** समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए :

जलधर; रोगग्रस्त।

(ख) सन्धि-विच्छेद कीजिए :

चिकित्सालय; प्रत्युत्तर।

(ग) 'सु' और 'अति' उपसर्ग से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(घ) 'आ' और 'अनीय' प्रत्यय से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(ङ) सरल वाक्य में बदलिए :

वहाँ जाना और वहाँ से लौट आना कठिन काम है।

(च) रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए :

जिन्होंने वीरता दिखाई उन्हें पुरस्कृत किया गया।

(छ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए *एक-एक* शब्द लिखिए :

*(i)* जिसका आदि न हो

*(ii)* जो स्मरण करने योग्य हो

(ज) निम्नलिखित में से किसी **एक** के *दो* पर्यायवाची शब्द लिखिए :

मृत्यु; सूर्य।

(झ) निम्नलिखित में से किसी **एक** मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

जले पर नमक छिड़कना; ईंट से ईंट बजाना।

(ञ) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए :

मैं उसको देखा तो रो पड़ा।

**14.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग *एक-तिहाई* शब्दों में लिखिए : 5

शरीर को भोजन देने से यह क्रियाशील रहता है, उसी प्रकार मस्तिष्क को अच्छी पुस्तकों से सम्बन्धित रखने पर वह गतिशील और क्रियाशील रहता है। हमें शुद्ध ज्ञान और नवीन विचारों का भंडार मिलता है जो हमें अज्ञानांधकार से निकाल कर ज्ञान रूपी प्रकाश में ले जाता है। इससे मानव में मानवीय गुणों का आविर्भाव होता है और ज्ञान-चक्षु खुल जाते हैं, क्योंकि बिना ज्ञान और शिक्षा के मनुष्य अंधकार के गर्त में पड़ा रहता है। ज्ञानार्जन के अभाव में उसकी उन्नति रुक जाती है। अध्ययन उन्नति की कुंजी है, उत्थान का रहस्य है। ज्ञान-चक्षु खुलते हैं। मस्तिष्क का विकास होता है। साहित्य में गति होती है। कला-कौशल से परिचय होता है। विज्ञान से परिचय होता है। ज्ञान का भंडार बढ़ता है और तब सभ्यता का सूर्य चमकने लगता है।

**15.** आपके घर की बिजली का बिल गत दो महीनों से बहुत अधिक आ रहा है। बिजली की मीटर के खराब होने की सूचना देते हुए उसे बदलवाने के लिए बिजली बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में अभिनीत नाटक में भाग लेने पर प्राप्त प्रशंसा का विवरण देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**16.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) समाचार-पत्रों के विज्ञापन : लाभ और हानियाँ

(ख) कर्म ही सर्वश्रेष्ठ उपासना

(ग) किसी खेल का आँखों देखा वर्णन

(घ) लोकतंत्र में चुनावों का महत्त्व

★★★

इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Code No. 65/AS/3**
कोड नं०

Roll No. / अनुक्रमांक

**Set /** सेट **B**

# हिन्दी
# (201)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..........

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
1. ..........
2. ..........

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 65/AS/3, सेट B लिखें।

# हिन्दी

# (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×6=6

(क) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने किस स्वयंवर की और कैसे चर्चा की है?

(ख) 'बीती विभावरी जाग री' कविता में कवि ने प्रकृति का मानवीकरण किस रूप में किया है?

(ग) कबीर के पठित दोहे के आधार पर लिखिए कि निंदकों की जीवन में क्या महत्ता है।

(घ) 'उनको प्रणाम' कविता से ली गई पंक्ति ''यह दुनिया जिनको गई भूल'' में 'जिनको' से कवि का क्या आशय है?

(ङ) 'आह्वान' कविता से ली गई पंक्ति ''बैठे हुए हो व्यर्थ क्यों? आगे बढ़ो, ऊँचे चढ़ो'' का क्या भाव है?

(च) कबीर ने दोहे में 'दोऊ हाथ उलीचिए' किसके लिए और क्यों कहा है?

**2.** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है? उसके कवि का नाम लिखते हुए काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 5

घबरा के भागना अलग है
क्षिप्र गति अलग है
क्षिप्र तो वह है
    जो सही क्षण में सजग है।

**अथवा**

थोड़ा-सा वक्त चुराकर बतियाया है कभी
कभी शिकायत न करने वाली
गुमसुम बूढ़ी पृथ्वी से उसका दुख?
    अगर नहीं तो क्षमा करना
    मुझे तुम्हारे आदमी होने पर संदेह है।।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *25-25* शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) 'बीती विभावरी जाग री' कविता के अनुसार प्रातःकालीन सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

(ख) 'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने किन लोगों के साहस की ओर ध्यान दिलाया है?

(ग) 'आज़ादी' कविता के आधार पर लिखिए कि 'सुई की चमकीली नोंक पर टिकी है आज़ादी' का क्या भाव है।

(घ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने तालाब की लहरों और चाँद के बारे में क्या दृश्य प्रस्तुत किया है?

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) कौन-से विकल्प से 'मनुष्य के हृदय के भावों को प्रकट करने' का भाव प्रकट होता है?

(A) जैसे निरमल आरसी, भली-बुरी कहि देत
(B) निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय
(C) दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम
(D) नैना देत बताय सब, हिय को हेत-अहेत

(ख) 'आज़ादी' कविता के अनुसार आज़ादी का अर्थ है

(A) उन्मुक्तता, उच्छृंखलता
(B) मनमर्जीपन, सैर-सपाटा
(C) घूमना-फिरना, सोना
(D) कर्तव्य के महत्त्व को समझना

(ग) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता का संदेश है

(A) पर्यावरण के प्रदूषण से प्राणियों की रक्षा संभव है
(B) प्रकृति की रक्षा से ही प्राणियों की रक्षा संभव है
(C) प्रकृति विरोधी व्यवहार से प्राणियों की रक्षा संभव है
(D) प्रकृति विरोधी व्यवहार से मानव कल्याण संभव है

(घ) रहीम के दोहे "खैर, खून, खाँसी, खुसी..." में कौन-सा अलंकार है?

(A) दृष्टांत
(B) अनुप्रास
(C) रूपक
(D) उपमा

(ङ) 'आह्वान' कविता के अनुसार

(A) मूर्ति के बिना साँचा नहीं बन सकता
(B) साँचे के बिना मूर्ति नहीं बन सकती
(C) साँचे के बिना लोग संघर्षशील नहीं हो सकते
(D) साँचे के बिना सफलता नहीं मिल सकती

**5.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए : 3

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' पाठ के आधार पर बताइए कि मानव के प्रकृति विरोधी कार्य मनुष्य के लिए अहितकारक क्यों हैं। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए आप क्या उपाय करेंगे?

**अथवा**

'आज़ादी' कविता के संदर्भ में लिखिए कि आपकी दृष्टि में आज़ादी का क्या अभिप्राय है। क्यों?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×6=6

(क) 'बहादुर' कहानी की नायिका निर्मला बहादुर के लिए रोटियाँ बनाना छोड़ देती है

(A) वाचक के कहने पर
(B) पड़ोस की स्त्री के कहने पर
(C) किशोर के कहने पर
(D) रिश्तेदार के कहने पर

(ख) भारतीय महिलाओं ने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई

(A) अदम्य साहस, आत्मविश्वास के बल पर
(B) शारीरिक शक्ति और धन के बल पर
(C) सुंदरता और धन के बल पर
(D) पुरुषों और पूर्वजों के बल पर

(ग) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के अनुसार हम किसी को भी अपना बना सकते हैं

(A) भाषा व धर्म के आधार पर
(B) मानवीय व्यवहार व आचरण के आधार पर
(C) धन-संपत्ति के आधार पर
(D) प्रलोभन व पक्षपात के आधार पर

(घ) लेखिका की अस्वस्थता में गिल्लू का उनके बालों का सहलाना

(A) मानवीय व्यवहार का उदाहरण है
(B) शिष्टाचार का नमूना है
(C) प्रेम की उत्कृष्टता है
(D) गर्मी से राहत है

(ङ) फीचर में होना अनिवार्य होता है

(A) स्रोत की जानकारी का
(B) फोटो का
(C) संपादक के विचारों का
(D) सूचना का

(च) 'अपना-पराया' पाठ के अनुसार रक्त की श्वेत कणिकाएँ

(A) निष्क्रिय बनी रहती हैं
(B) रोगाणुओं से लड़ती हैं
(C) रोगाणुओं का भोजन बनती हैं
(D) रोगाणुओं को शरीर से बाहर पहुँचाती हैं

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×7=7

(क) बचेंद्री पाल को पढ़ाई जारी रखने में क्या बाधा आई? उसने अपनी बाधाएँ कैसे दूर की?

(ख) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर लिखिए कि उसकी मृत्यु के बाद लेखिका ने अंतिम संस्कार कैसे किया और क्यों।

(ग) बहादुर वाचक के घर से क्यों भाग गया?

(घ) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने जर्मनी को महान् देश क्यों कहा।

(ङ) 'सुखी राजकुमार' कहानी के आधार पर गौरैया के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(च) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर लिखिए कि नाखून का बढ़ना और नाखून का काटना इन दोनों में किसे अच्छा मानते हैं और क्यों।

(छ) 'शतरंज के खिलाड़ी' पाठ में लेखक ने गुलाम बनने वाली किन स्थितियों का चित्रण किया है?

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

अर्थात् विलासी जीवन झूठी शानो-शौकत के बल पर चलता है, यदि इस शानो-शौकत पर कहीं से आँच आती है तो बर्दाश्त नहीं हो पाता। व्यक्तिगत वीरता जाग उठती है। लेकिन वह व्यक्तिगत वीरता किस काम की जो देश के काम न आए और आत्मघाती बन जाए। मिरजा के व्यवहार को इसी आधार पर देखा जा सकता है। वस्तुतः इस शानो-शौकत के मूल में कायरता ही है।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) विलासी जीवन क्या है? विलासी जीवन का आधार क्या है?

(ग) व्यक्तिगत वीरता का क्या आशय है? व्यक्तिगत वीरता कब सार्थक मानी जाती है?

**अथवा**

दिन मजे में बीतने लगे। बरसात आ गई थी। पानी रुकता था और बरसता था। मैं अपने को बहुत ऊँचा महसूस करने लगा था। अपने परिवार और संबंधियों के बड़प्पन तथा शान-बान पर मुझे सदा गर्व रहा है। अब मैं मुहल्ले के लोगों को पहले से भी तुच्छ समझने लगा। मैं किसी से सीधे मुँह बात न करता। किसी की ओर ठीक से देखता भी नहीं था। दूसरे के बच्चों को मामूली-सी शरारत पर डाँट-डपट देता था। कई बार पड़ोसियों को सुना चुका था—जिसके पास कलेजा है, वही आजकल नौकर रख सकता है।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) वाचक के मन में क्या भावना आ गई और क्यों?

(ग) वाचक आस-पड़ोस के लोगों के प्रति कैसा व्यवहार करने लगा?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग *20-20* शब्दों में लिखिए : 2×4=8

(क) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में 'जादू की पुड़िया' किसे कहा गया है? क्यों?

(ख) 'इन्ट्रो' किसे कहते हैं? अखबार में इन्ट्रो का क्या महत्त्व है?

(ग) गिल्लू का महादेवी से अन्य पशु-पक्षियों की अपेक्षा अधिक लगाव का होना किन बातों से पता चलता है?

(घ) 'सुखी राजकुमार' पाठ के आधार पर लिखिए कि मेयर के स्वार्थी होने का ज्ञान किन बातों से होता है।

(ङ) कल्पना चावला का जन्म किस राज्य और परिवार में हुआ था? अध्ययन के समय उसकी रुचि अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति क्यों हो गई?

**10.** निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) निम्नलिखित में से किसी **एक** समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए :
चतुर्भुज; अपना-पराया।

(ख) सन्धि-विच्छेद कीजिए :
आमाशय; कर्मेन्द्रिय।

(ग) 'परा' और 'अनु' शब्द से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(घ) 'इया' और 'आहट' प्रत्यय से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(ङ) सरल वाक्य में बदलिए :
वह बाजार गई और पुस्तक खरीद लाई।

(च) जो बादल गरजते हैं वे बरसते नहीं।
(रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखिए)

(छ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए *एक-एक* शब्द लिखिए :
*(i)* उपकार को न मानने वाला
*(ii)* जो दया का पात्र हो

(ज) निम्नलिखित में से किसी **एक** के *दो* पर्यायवाची शब्द लिखिए :
समुद्र; पुष्प।

(झ) निम्नलिखित में से किसी **एक** मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए :
दिन रात एक करना; सिर धुनना।

(ञ) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए :
कृपया तुम कृपा करके यहाँ मत आना।

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *40-50* शब्दों में लिखिए : 3×3=9

(क) फीचर किसे कहते हैं? उसके भेदों को लिखते हुए मुख्य विशेषता बताइए।

(ख) 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ के आधार पर देश को गौरव दिलाने वाली तीन महिलाओं के नाम और कार्यक्षेत्र का उल्लेख कीजिए।

(ग) हम अपने कैसे आचरण और व्यवहार से लोगों को आत्मीय बना सकते हैं? 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) निबंध किसे कहते हैं? उसके मुख्यतः कितने प्रकार और कौन-कौन से अंग होते हैं?

**12.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

दरवाज़े से बाहर जाने से पहले
अपने जूतों के तस्में बाँधने के लिए मैं झुकता हूँ
रोटी का कौर तोड़ने और खाने के लिए
झुकता हूँ अपनी थाली पर
जेब से अचानक गिर गई कलम या सिक्के को उठाने को
झुकता हूँ
झुकता हूँ लेकिन उस तरह नहीं
जैसे एक चापलूस की आत्मा झुकती है
किसी शक्तिशाली के सामने
जैसे लज्जित या अपमानित होकर झुकती हैं आँखें
झुकता हूँ
जैसे शब्दों को पढ़ने के लिए आँखें झुकती हैं
ताकत और अधीनता की भाषा से बाहर भी होते हैं
शब्दों और क्रियाओं के कई अर्थ
झुकता हूँ
जैसे घुटना हमेशा पेट की तरफ ही मुड़ता है
यह कथन सिर्फ शरीर के नैसर्गिक गुणों
या अवगुणों को ही व्यक्त नहीं करता।
कहावतें अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में निवास करती हैं।

(क) इस कविता में किस बात का चित्रण है?

(ख) थाली की ओर कब झुका जाता है?

(ग) एक सामान्य व्यक्ति और चापलूस के झुकने में क्या अंतर होता है?

(घ) आदमी चापलूस क्यों होता है?

(ङ) 'झुकने' को अवगुण कब माना जाता है?

**13.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

गाँधीजी मानव नहीं, महामानव थे। उन्होंने भारत को न केवल राजनीतिक स्वतंत्रता दिलाई वरन् जीवन में व्याप्त समस्त अमानवीय तत्त्वों से मुक्ति पाने का महामंत्र प्रदान किया। सत्य, अहिंसा और त्याग की त्रिवेणी प्रवाहित करके उन्होंने विश्व में सुख-शांति और संपन्नता का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान् बुद्ध, महावीर और ईसामसीह की भाँति उन्होंने आधुनिक विश्व में अहिंसा द्वारा हिंसा के दमन की शक्ति

एवं प्रेरणा प्रदान की। गाँधीजी ने समस्त चर-अचर को प्यार करने की सीख दी। वे सभी धर्मों के प्रति एक-सी श्रद्धा रखते थे। गीता, बाइबल, कुरान आदि समस्त धर्मों के मान्य ग्रंथों को वे एक-सा महत्त्व प्रदान करते थे। महान् संतों की भाँति नैतिकता, सदाचार एवं ईश्वर के प्रति आस्था को वे सार्थक जीवन की आधारशिला मानते थे। दलितों और शोषितों के प्रति उनके हृदय में विशेष सहानुभूति थी। दरिद्रजनों की सेवा उनके लिए ईश्वर की सेवा थी। सर्वोदय आंदोलन के द्वारा उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति की उन्नति और सुख-शांति के द्वार खोल दिए। भारत के दीन-हीन किसान और मजदूरों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए उन्होंने कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया।

(क) गाँधीजी को महामानव क्यों कहा गया है?

(ख) हिंसा के दमन की प्रेरणा देने में गाँधीजी की तुलना किनसे की गई है?

(ग) गाँधीजी सार्थक जीवन की आधारशिला किसे मानते थे?

(घ) 'सर्वोदय आंदोलन' से आप क्या समझते हैं?

(ङ) गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**14.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग *एक-तिहाई* शब्दों में लिखिए : 5

शरीर को भोजन देने से यह क्रियाशील रहता है, उसी प्रकार मस्तिष्क को अच्छी पुस्तकों से सम्बन्धित रखने पर वह गतिशील और क्रियाशील रहता है। हमें शुद्ध ज्ञान और नवीन विचारों का भंडार मिलता है जो हमें अज्ञानांधकार से निकाल कर ज्ञान रूपी प्रकाश में ले जाता है। इससे मानव में मानवीय गुणों का आविर्भाव होता है और ज्ञान-चक्षु खुल जाते हैं, क्योंकि बिना ज्ञान और शिक्षा के मनुष्य अंधकार के गर्त में पड़ा रहता है। ज्ञानार्जन के अभाव में उसकी उन्नति रुक जाती है। अध्ययन उन्नति की कुंजी है, उत्थान का रहस्य है। ज्ञान-चक्षु खुलते हैं। मस्तिष्क का विकास होता है। साहित्य में गति होती है। कला-कौशल से परिचय होता है। विज्ञान से परिचय होता है। ज्ञान का भंडार बढ़ता है और तब सभ्यता का सूर्य चमकने लगता है।

**15.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) भारत का ग्रामीण जीवन

(ख) बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ

(ग) राष्ट्रीय एकता

(घ) आँखों देखा बाढ़ का दृश्य

**16.** आपके घर की बिजली का बिल गत दो महीनों से बहुत अधिक आ रहा है। बिजली की मीटर के खराब होने की सूचना देते हुए उसे बदलवाने के लिए बिजली बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में अभिनीत नाटक में भाग लेने पर प्राप्त प्रशंसा का विवरण देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

★ ★ ★

इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Code No.** **65/AS/3**
कोड नं०

**Set / सेट** **C**

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

# हिन्दी
# (201)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..........................................................................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर) 1. ..........................................................................

2. ..........................................................................

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 65/AS/3, सेट C लिखें।

# हिन्दी

## (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**1.** निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है? उसके कवि का नाम लिखते हुए काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 5

घबरा के भागना अलग है
क्षिप्र गति अलग है
क्षिप्र तो वह है
जो सही क्षण में सजग है।

**अथवा**

थोड़ा-सा वक्त चुराकर बतियाया है कभी
कभी शिकायत न करने वाली
गुमसुम बूढ़ी पृथ्वी से उसका दुख?
अगर नहीं तो क्षमा करना
मुझे तुम्हारे आदमी होने पर संदेह है।।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *25-25* शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) 'बीती विभावरी जाग री' कविता के अनुसार प्रातःकालीन सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

(ख) 'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने किन लोगों के साहस की ओर ध्यान दिलाया है?

(ग) 'बीती विभावरी जाग री' कविता में राष्ट्रीय संदर्भ में क्या संदेश दिया गया है? अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) 'उनको प्रणाम' कविता में कवि ने असफल हुए बलिदानियों को क्यों स्मरण किया है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×6=6

(क) 'बीती विभावरी जाग री' कविता में कवि ने प्रकृति का मानवीकरण किस रूप में किया है?

(ख) 'उनको प्रणाम' कविता से ली गई पंक्ति ''यह दुनिया जिनको गई भूल'' में 'जिनको' से कवि का क्या आशय है?

(ग) 'आह्वान' कविता से ली गई पंक्ति ''बैठे हुए हो व्यर्थ क्यों? आगे बढ़ो, ऊँचे चढ़ो'' का क्या भाव है?

(घ) कबीर के पठित दोहे के आधार पर लिखिए कि निंदकों की जीवन में क्या महत्ता है।

(ङ) कबीर ने दोहे में 'दोऊ हाथ उलीचिए' किसके लिए और क्यों कहा है?

(च) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने किस स्वयंवर की और कैसे चर्चा की है?

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×5=5

(क) रहीम के दोहे "खैर, खून, खाँसी, खुसी..." में कौन-सा अलंकार है?

(A) दृष्टांत (B) अनुप्रास

(C) रूपक (D) उपमा

(ख) कौन-से विकल्प से 'मनुष्य के हृदय के भावों को प्रकट करने' का भाव प्रकट होता है?

(A) जैसे निरमल आरसी, भली-बुरी कहि देत (B) निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय

(C) दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम (D) नैना देत बताय सब, हिय को हेत-अहेत

(ग) 'आह्वान' कविता के अनुसार

(A) मूर्ति के बिना साँचा नहीं बन सकता

(B) साँचे के बिना मूर्ति नहीं बन सकती

(C) साँचे के बिना लोग संघर्षशील नहीं हो सकते

(D) साँचे के बिना सफलता नहीं मिल सकती

(घ) 'आज़ादी' कविता के अनुसार आज़ादी का अर्थ है

(A) उन्मुक्तता, उच्छृंखलता (B) मनमर्जीपन, सैर-सपाटा

(C) घूमना-फिरना, सोना (D) कर्तव्य के महत्त्व को समझना

(ङ) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता का संदेश है

(A) पर्यावरण के प्रदूषण से प्राणियों की रक्षा संभव है

(B) प्रकृति की रक्षा से ही प्राणियों की रक्षा संभव है

(C) प्रकृति विरोधी व्यवहार से प्राणियों की रक्षा संभव है

(D) प्रकृति विरोधी व्यवहार से मानव कल्याण संभव है

**5.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग *50* शब्दों में लिखिए : 3

'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' पाठ के आधार पर बताइए कि मानव के प्रकृति विरोधी कार्य मनुष्य के लिए अहितकारक क्यों हैं। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए आप क्या उपाय करेंगे?

**अथवा**

'आज़ादी' कविता के संदर्भ में लिखिए कि आपकी दृष्टि में आज़ादी का क्या अभिप्राय है। क्यों?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×6=6

(क) लेखिका की अस्वस्थता में गिल्लू का उनके बालों का सहलाना

(A) मानवीय व्यवहार का उदाहरण है (B) शिष्टाचार का नमूना है

(C) प्रेम की उत्कृष्टता है (D) गर्मी से राहत है

(ख) भारतीय महिलाओं ने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई

(A) अदम्य साहस, आत्मविश्वास के बल पर

(B) शारीरिक शक्ति और धन के बल पर

(C) सुंदरता और धन के बल पर

(D) पुरुषों और पूर्वजों के बल पर

(ग) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के अनुसार हम किसी को भी अपना बना सकते हैं

(A) भाषा व धर्म के आधार पर

(B) मानवीय व्यवहार व आचरण के आधार पर

(C) धन-संपत्ति के आधार पर

(D) प्रलोभन व पक्षपात के आधार पर

(घ) 'बहादुर' कहानी की नायिका निर्मला बहादुर के लिए रोटियाँ बनाना छोड़ देती है

(A) वाचक के कहने पर (B) पड़ोस की स्त्री के कहने पर

(C) किशोर के कहने पर (D) रिश्तेदार के कहने पर

(ङ) 'अपना-पराया' पाठ के अनुसार रक्त की श्वेत कणिकाएँ

(A) निष्क्रिय बनी रहती हैं (B) रोगाणुओं से लड़ती हैं

(C) रोगाणुओं का भोजन बनती हैं (D) रोगाणुओं को शरीर से बाहर पहुँचाती हैं

(च) फीचर में होना अनिवार्य होता है

(A) स्रोत की जानकारी का (B) फोटो का

(C) संपादक के विचारों का (D) सूचना का

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *15-20* शब्दों में लिखिए : 1×7=7

(क) बहादुर वाचक के घर से क्यों भाग गया?

(ख) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने जर्मनी को महान् देश क्यों कहा।

(ग) बचेंद्री पाल को पढ़ाई जारी रखने में क्या बाधा आई? उसने अपनी बाधाएँ कैसे दूर की?

(घ) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर लिखिए कि उसकी मृत्यु के बाद लेखिका ने अंतिम संस्कार कैसे किया और क्यों।

(ङ) 'सुखी राजकुमार' कहानी के आधार पर गौरैया के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।

(च) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर लिखिए कि नाखून का बढ़ना और नाखून का काटना इन दोनों में किसे अच्छा मानते हैं और क्यों।

(छ) 'शतरंज के खिलाड़ी' पाठ में लेखक ने गुलाम बनने वाली किन स्थितियों का चित्रण किया है?

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

अर्थात् विलासी जीवन झूठी शानो-शौकत के बल पर चलता है, यदि इस शानो-शौकत पर कहीं से आँच आती है तो बर्दाश्त नहीं हो पाता। व्यक्तिगत वीरता जाग उठती है। लेकिन वह व्यक्तिगत वीरता किस काम की जो देश के काम न आए और आत्मघाती बन जाए। मिरजा के व्यवहार को इसी आधार पर देखा जा सकता है। वस्तुतः इस शानो-शौकत के मूल में कायरता ही है।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) विलासी जीवन क्या है? विलासी जीवन का आधार क्या है?

(ग) व्यक्तिगत वीरता का क्या आशय है? व्यक्तिगत वीरता कब सार्थक मानी जाती है?

**अथवा**

दिन मजे में बीतने लगे। बरसात आ गई थी। पानी रुकता था और बरसता था। मैं अपने को बहुत ऊँचा महसूस करने लगा था। अपने परिवार और संबंधियों के बड़प्पन तथा शान-बान पर मुझे सदा गर्व रहा है। अब मैं मुहल्ले के लोगों को पहले से भी तुच्छ समझने लगा। मैं किसी से सीधे मुँह बात न करता। किसी की ओर ठीक से देखता भी नहीं था। दूसरे के बच्चों को मामूली-सी शरारत पर डाँट-डपट देता था। कई बार पड़ोसियों को सुना चुका था—जिसके पास कलेजा है, वही आजकल नौकर रख सकता है।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) वाचक के मन में क्या भावना आ गई और क्यों?

(ग) वाचक आस-पड़ोस के लोगों के प्रति कैसा व्यवहार करने लगा?

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग *20-20* शब्दों में लिखिए : 2×4=8

(क) 'इन्ट्रो' किसे कहते हैं? अखबार में इन्ट्रो का क्या महत्त्व है?

(ख) गिल्लू का महादेवी से अन्य पशु-पक्षियों की अपेक्षा अधिक लगाव का होना किन बातों से पता चलता है?

(ग) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में 'जादू की पुड़िया' किसे कहा गया है? क्यों?

(घ) 'सुखी राजकुमार' पाठ के आधार पर लिखिए कि मेयर के स्वार्थी होने का ज्ञान किन बातों से होता है।

(ङ) कल्पना चावला का जन्म किस राज्य और परिवार में हुआ था? अध्ययन के समय उसकी रुचि अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति क्यों हो गई?

**10.** निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) निम्नलिखित में से किसी **एक** समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए :
रोगग्रस्त; भाई-बहन।

(ख) सन्धि-विच्छेद कीजिए :
सर्वाधिक; परोपकार।

(ग) 'वि' और 'परि' उपसर्ग से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(घ) 'अनीय' और 'एरा' प्रत्यय से *एक-एक* शब्द बनाइए।

(ङ) सरल वाक्य में बदलिए :
वह पुस्तकालय जाएगा और पुस्तकें ले आएगा।

(च) रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए :
जिसकी लाठी उसकी भैंस।

(छ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए *एक-एक* शब्द लिखिए :
*(i)* वह जो संसद का सदस्य हो
*(ii)* सौ वर्ष का समय

(ज) निम्नलिखित में से किसी **एक** के *दो* पर्यायवाची शब्द लिखिए :
अग्नि; अमृत।

(झ) निम्नलिखित में से किसी **एक** मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए :
तलवा चाटना; नाक रखना।

(ञ) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए :
आजकल उसकी सौंदर्यता बढ़ गई है।

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग *40-50* शब्दों में लिखिए : 3×3=9

(क) 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ के आधार पर देश को गौरव दिलाने वाली तीन महिलाओं के नाम और कार्यक्षेत्र का उल्लेख कीजिए।

(ख) फीचर किसे कहते हैं? उसके भेदों को लिखते हुए मुख्य विशेषता बताइए।

(ग) जीवाणुओं से शरीर के लिए क्या हानि हो सकती है? उनसे बचने के लिए 'अपना-पराया' पाठ में क्या उपाय बताए गए हैं?

(घ) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर लिखिए कि सहजात प्रवृत्तियाँ क्या होती हैं। मनुष्य को पशु से श्रेष्ठ बनाने वाली कौन-सी सहजात प्रवृत्ति है?

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

गाँधीजी मानव नहीं, महामानव थे। उन्होंने भारत को न केवल राजनीतिक स्वतंत्रता दिलाई वरन् जीवन में व्याप्त समस्त अमानवीय तत्त्वों से मुक्ति पाने का महामंत्र प्रदान किया। सत्य, अहिंसा और त्याग की त्रिवेणी प्रवाहित करके उन्होंने विश्व में सुख-शांति और संपन्नता का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान् बुद्ध, महावीर और ईसामसीह की भाँति उन्होंने आधुनिक विश्व में अहिंसा द्वारा हिंसा के दमन की शक्ति एवं प्रेरणा प्रदान की। गाँधीजी ने समस्त चर-अचर को प्यार करने की सीख दी। वे सभी धर्मों के प्रति एक-सी श्रद्धा रखते थे। गीता, बाइबल, कुरान आदि समस्त धर्मों के मान्य ग्रंथों को वे एक-सा महत्त्व प्रदान करते थे। महान् संतों की भाँति नैतिकता, सदाचार एवं ईश्वर के प्रति आस्था को वे सार्थक जीवन की आधारशिला मानते थे। दलितों और शोषितों के प्रति उनके हृदय में विशेष सहानुभूति थी। दरिद्रजनों की सेवा उनके लिए ईश्वर की सेवा थी। सर्वोदय आंदोलन के द्वारा उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति की उन्नति और सुख-शांति के द्वार खोल दिए। भारत के दीन-हीन किसान और मजदूरों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए उन्होंने कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया।

(क) गाँधीजी को महामानव क्यों कहा गया है?

(ख) हिंसा के दमन की प्रेरणा देने में गाँधीजी की तुलना किनसे की गई है?

(ग) गाँधीजी सार्थक जीवन की आधारशिला किसे मानते थे?

(घ) 'सर्वोदय आंदोलन' से आप क्या समझते हैं?

(ङ) गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**13.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

दरवाज़े से बाहर जाने से पहले
अपने जूतों के तस्में बाँधने के लिए मैं झुकता हूँ
रोटी का कौर तोड़ने और खाने के लिए
झुकता हूँ अपनी थाली पर
जेब से अचानक गिर गई कलम या सिक्के को उठाने को
झुकता हूँ
झुकता हूँ लेकिन उस तरह नहीं
जैसे एक चापलूस की आत्मा झुकती है
किसी शक्तिशाली के सामने
जैसे लज्जित या अपमानित होकर झुकती हैं आँखें
झुकता हूँ
जैसे शब्दों को पढ़ने के लिए आँखें झुकती हैं

ताकत और अधीनता की भाषा से बाहर भी होते हैं
शब्दों और क्रियाओं के कई अर्थ
झुकता हूँ
जैसे घुटना हमेशा पेट की तरफ ही मुड़ता है
यह कथन सिर्फ शरीर के नैसर्गिक गुणों
या अवगुणों को ही व्यक्त नहीं करता।
कहावतें अर्थ से ज्यादा अभिप्राय में निवास करती हैं।

(क) इस कविता में किस बात का चित्रण है?

(ख) थाली की ओर कब झुका जाता है?

(ग) एक सामान्य व्यक्ति और चापलूस के झुकने में क्या अंतर होता है?

(घ) आदमी चापलूस क्यों होता है?

(ङ) 'झुकने' को अवगुण कब माना जाता है?

**14.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग *एक-तिहाई* शब्दों में लिखिए : 5

शरीर को भोजन देने से यह क्रियाशील रहता है, उसी प्रकार मस्तिष्क को अच्छी पुस्तकों से सम्बन्धित रखने पर वह गतिशील और क्रियाशील रहता है। हमें शुद्ध ज्ञान और नवीन विचारों का भंडार मिलता है जो हमें अज्ञानांधकार से निकाल कर ज्ञान रूपी प्रकाश में ले जाता है। इससे मानव में मानवीय गुणों का आविर्भाव होता है और ज्ञान-चक्षु खुल जाते हैं, क्योंकि बिना ज्ञान और शिक्षा के मनुष्य अंधकार के गर्त में पड़ा रहता है। ज्ञानार्जन के अभाव में उसकी उन्नति रुक जाती है। अध्ययन उन्नति की कुंजी है, उत्थान का रहस्य है। ज्ञान-चक्षु खुलते हैं। मस्तिष्क का विकास होता है। साहित्य में गति होती है। कला-कौशल से परिचय होता है। विज्ञान से परिचय होता है। ज्ञान का भंडार बढ़ता है और तब सभ्यता का सूर्य चमकने लगता है।

**15.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

(ख) बिखरते परिवार

(ग) समाचार-पत्रों की उपयोगिता

(घ) आधुनिक मनोरंजन के साधन

**16.** आपके घर की बिजली का बिल गत दो महीनों से बहुत अधिक आ रहा है। बिजली की मीटर के खराब होने की सूचना देते हुए उसे बदलवाने के लिए बिजली बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में अभिनीत नाटक में भाग लेने पर प्राप्त प्रशंसा का विवरण देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

★ ★ ★